This question paper contains 7 printed pages]

Your Roll No............................

आपका अनुक्रमांक............................

161

B.Com. (बी. कॉम.)/I J-II

Paper V—HINDI (A)

प्रश्नपत्र V—हिंदी (क)

Time : 3 Hours *Maximum Marks :* 100

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अति सूधो सनेह को मारग है जहां नेकु सयानप बांक नहीं।
तहां सांचे चलैं तजि आपुनपौ झझकैं कपटी जे निसांक नहीं।
घनआनंद प्यारे सुजान सुनौ इत एक ते दूसरो आंक नहीं।
तुम कौन धौं पाटी पढ़े हो लला मन लेहु पै देहु छटांक नहीं ॥

P.T.O.

अथवा

धूप-दीप-नैवेद्य नहीं है, झाँकी का शृंगार नहीं।
हाय ! गले में पहनाने को, फूलों का भी हार नहीं॥
कैसे करूँ कीर्तन, मेरे स्वर में है माधुर्य नहीं।
मन का भाव प्रकट करने को, वाणी में चातुर्य नहीं॥

8

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

नाम अजामिल से खलकोटि, अपार नदी भव बूड़त काढ़े।
जो सुमिरे गिरि मेरु सिलाकन, होत अजाखुर बारिधि बाढ़े॥
तुलसी जेहि के पदपंकज तें, प्रगटी तटिनी जो हरे अघ गाढ़े।
सो प्रभु स्वै सरिता तरिबे कहँ, माँगत नाव करारे ह्वै ठाढ़े॥

(*i*) नाम-स्मरण से क्या लाभ होता है ?

(*ii*) 'तटिनी' शब्द से क्या अभिप्राय है ?

(*iii*) अंतिम पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए। 3+2+3

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

वीरता का विकास नाना प्रकार से होता है। कभी तो उसका विकास लड़ने मरने में, खून बहाने में, तलवार और तोप के सामने जान गँवाने में होता है। कभी प्रेम के मैदान में उसका झण्डा होता है। कभी साहित्य और संगीत में वीरता खिलती है। कभी जीवन के गूढ़ तत्त्व और सत्य की तलाश में बुद्ध जैसे राजा विरक्त होकर वीर हो जाते हैं। कभी किसी आदर्श पर और कभी किसी पर वीरता अपना फरहरा लहराती है।

अथवा

अब गेहूँ प्रतीक बन गया हड्डी तोड़नेवाले, थकानेवाले, उबानेवाले, नारकीय यन्त्रणाएँ देने वाले श्रम का—उस श्रम का, जो पेट की क्षुधा भी अच्छी तरह शान्त न कर सके। और, गुलाब बन गया प्रतीक विलासिता का—भ्रष्टाचार का, गन्दगी और गलीज़ का ! वह विलासिता—जो शरीर को नष्ट करती है और मानस को भी ! 8

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दफ्तर से वह इसी उधेड़-बुन में चले आ रहे थे। डर रहे थे कि घर में कहीं बात बढ़ी न हो। उनके मन में पुत्र के लिए करुणा का भाव था। उन्हें अपना बचपन याद आता था कि किस तरह बचपन में उन्हें ही ग़लत समझा गया था। रवीन्द्रनाथ ठाकुर की एन्ट्रेन्स में पढ़ी 'होमकमिंग' कहानी का वह लड़का याद आता था, जिसका नाम चाहकर भी वह स्मरण न कर पाते थे कि लड़कों की अपनी स्वप्न की दुनिया अलग होती है। हम बड़ों का प्रवेश वहाँ निषिद्ध है। अपने स्वप्नों पर चोट वह नहीं सह सकते। हम बड़ों को इसका ख्याल रखना चाहिये।

(*i*) रामरत्न के मन में पुत्र के लिए करुणा का भाव क्यों उत्पन्न हुआ ?

(*ii*) रवीन्द्रनाथ ठाकुर की 'होमकमिंग' कहानी का मूल भाव क्या है ?

(*iii*) लेखक ने बच्चों की दुनिया में बड़ों के प्रवेश को क्यों निषिद्ध माना है ? 2+3+3

3. 'मधुप गुनगुनाकर कह जाता है' **अथवा** 'पथिक' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। 9

4. 'प्रतिशोध' नाटक **अथवा** 'त्रिशंकु' कहानी का सार लिखिए। 9

5. (*i*) खड़ीबोली **अथवा** ब्रजभाषा के स्वरूप पर प्रकाश डालिए। 5

(*ii*) प्रारूपण **अथवा** संक्षेपण की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5

(*iii*) शब्दकोश किसे कहते हैं ? द्विभाषी कोश तथा बहुभाषी कोश में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

जय, कबीर, अमीर, कुमति, लेखन, विकास, परिचय, तारा, सूरज, घटना।

6. (*i*) कम्प्यूटर में हिंदी के सफल प्रयोग पर टिप्पणी लिखिए। 5

(*ii*) किन्हीं **पाँच** शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए। 5

Agent, Cost, Deal, Debtor, Gross, Insured Mortgage, Ownership, Teller, Valuation.

7. (*i*) कार्यालयी पत्र-लेखन के प्रकार बताइए।

अथवा

बाढ़ पीड़ितों के लिए चिकित्सा सहायता हेतु सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय, नई-दिल्ली, को पत्र लिखिए। 5

(*ii*) विज्ञापन का उद्देश्य क्या है ? टिप्पणी कीजिए। 5

(*iii*) किसी **एक** विषय पर संक्षिप्त लेख लिखिए : 5

(क) परीक्षा;

(ख) कॉलेज का पहला दिन;

(ग) विद्यार्थी और राजनीति।

8. 'गोदान' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'गोदान' उपन्यास में प्रेमचन्द ने किस समस्या को उठाया है ?

(ख) 'गोदान' में वर्णित शहरी जीवन की **दो** विशेषताएँ बताइये।

(ग) मालती किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है ?

(घ) गोबर में नयी पीढ़ी की कौन-सी विशेषताएँ हैं ?

(ङ) धनिया के चरित्र की **दो** विशेषताएँ बताइये।

अथवा

'इला' नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) मनु के चरित्र की **दो** प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'इला' नाटक का प्रतिपाद्य **चार** वाक्यों में लिखिए।

(ग) 'इला' नाटक के कथानक की **दो** विशेषताएँ बताइये।

(घ) 'इला' नाटक के आधार पर उसकी अभिनेयता की **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) शरीर-परिवर्तन के पश्चात् इला को क्या अनुभव होता है ? 10